# Chapter – 6

## आईफ़ोन में एप्प्स सर्च, डाउनलोड और अपडेट कैसे करें (How to Search, Download and Update apps in iPhone)

### *आईफ़ोन में एप्प स्टोर क्या हैं? (What is App Store in iPhone?)*

ऐप स्टोर एक डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे एप्पल इंक द्वारा अपने आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम पर मोबाइल एप्प के लिए विकसित किया गया है| एप्प स्टोर यूजर्स को एप्पल के आईओएस सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट के साथ विकसित किए गए एप्लिकेशन को ब्राउज़ करने और डाउनलोड करने की अनुमति देता है। इस ऐप को आईफोन स्मार्टफोन, आईपॉड टच हैंडहेल्ड कंप्यूटर या आईपैड टैबलेट कंप्यूटर पर डाउनलोड किया जा सकता है, और कुछ को आईफोन ऐप के एक्सटेंशन के रूप में एप्पल वॉच स्मार्टवॉच या 4 जी-जेनरेशन या नए एप्पल टीवी में स्थानांतरित किया जा सकता है।

एप्पल द्वारा ऐप स्टोर को 10 जुलाई 2008 को ओपन किया गया था, जिसमें 500 एप्लिकेशन उपलब्ध थी। 2017 तक, स्टोर में 2.1 मिलियन से अधिक ऐप हैं। जिनके द्वारा आप अपने एप्पल फ़ोन में कई प्रकार के ऐप, संगीत, फिल्में और टीवी शो का आनंद ले सकते हैं|

एप्प्स आपके द्वारा कुछ भी करने के तरीके को बदल सकते हैं, चाहे वह बनाना हो, सीखना हो, गेम खेलना हो या और भी बहुत कुछ करना हो। ऐप स्टोर नए ऐप को खोजने के लिए सबसे अच्छी जगह है जो आपको उन एप्प तक पहुचने की अनुमति देता है जिन्हें आप यूज करना चाहते हैं|

ऐप स्टोर में कई टैब होते हैं जो आपके लिए नए ऐप की खोज करना आसान बनाते है- जैसे Today Tab, Games Tab, Apps Tab आदि|

ऐप की होम स्क्रीन ऐप स्टोर की टुडे टैब होती है। टुडे टैब में चुनिंदा ऐप्स को रखा गया है, जिसमे Apple द्वारा उनकी गुणवत्ता या वर्तमान घटनाओं के लिए चुना गया है| आपको इस स्क्रीन पर गेम ऑफ द डे और ऐप ऑफ द डे भी मिलेंगे। दोनों ऐप को Apple द्वारा चुना गया है और दैनिक रूप से अपडेट किया जाता है, हालांकि आप नीचे स्क्रॉल करके पुराने चयन भी देख सकते हैं।

### *ऐप स्टोर में iOS 11 में ऐप्स सर्च कैसे करें (How to Search apps in the App Store)*

हालाँकि, ऐप स्टोर को iOS 11 के साथ नया रूप मिल गया है|

- सबसे पहले App Store पर टैप करें।
- इसके बाद अपनी स्क्रीन के नीचे दाईं ओर magnifying glass पर टैप करें।
- अब आप जो भी सर्च करना चाहते हैं उसे टाइप करें और Search बटन पर टैप करें।

### *ऐप स्टोर में iOS 11 से ऐप और गेम कैसे डाउनलोड करें (How to download apps and games from the App Store)*

- आप जिस ऐप या गेम को खरीदना चाहते हैं उसे टैप करें या download for free पर टैप करें।
- अगर यह मुफ्त है तो Get पर टैप करें और यदि Paid है तो price of the app पर टैप करें।
- टच आईडी को एक्टिव करने के लिए अपनी उंगली को होम बटन पर रखें|

### *iPhone और iPad पर ऐप्स कैसे अपडेट करें (How to Update apps on iPhone and iPad)*

- सबसे पहले App Store खोलें।
- दिखाई देने वाली स्क्रीन के नीचे Updates पर टैप करें।
- इसके बाद ऐप या गेम के आगे Updates बटन पर टैप करें जिसे अपडेट करने की आवश्यकता है।

### *ऐप स्टोर में iOS 10 और इसके पुराने वर्जन में ऐप और गेम सर्च कैसे करें (How to Search apps and games from the App Store in iOS 10 and older)*

पहली चीज जो आपको करने की ज़रूरत है वह उन एप्लिकेशन और गेम को ढूंढना है जिन्हें आप अपने संग्रह में जोड़ना चाहते हैं।

- सबसे एहले App Store ऐप खोलें।
- स्क्रीन के नीचे Search आइकन पर टैप करें।
- इसके बाद उस ऐप का नाम टाइप करें जिसे आप सर्च करना चाहते हैं।
- फिर अपने कीबोर्ड पर Search पर टैप करें।

### *टॉप चार्ट द्वारा सर्च कैसे करें (How to search by top Charts)*

आप अपने दिलचस्प ऐप्स के लिए ऐप स्टोर भी ब्राउज़ कर सकते हैं। लोकप्रिय ऐप्स खोजने का एक तरीका स्क्रीन के निचले भाग में टॉप चार्ट्स को टैप करना है, जो ऐप स्टोर में टॉप पेड, फ्री और ग्रॉसिंग ऐप की सूची दिखाता है।

### *केटेगरी के आधार पर सर्च कैसे करें (How to Search by Category)*

आप एक विशिष्ट केटेगरी का चयन करके ट्रेंडिंग और स्पॉटलाइटेड ऐप्स पा सकते हैं। ऐप स्टोर स्क्रीन के ऊपरी बाएँ कोने में Categories पर टैप करें। फिर, लोकप्रिय और विख्यात ऐप्स देखने के लिए एक केटेगरी चुनें।




*ऐप स्टोर से IOS 10 और पुराने वर्जन में ऐप और गेम कैसे डाउनलोड करें (How to download apps and games from the App Store in iOS 10 and older)*

- आप जिस ऐप या गेम को खरीदना चाहते हैं उसे टैप करें या download for free पर टैप करें।
- अगर यह मुफ्त है तो Get पर टैप करें और यदि Paid है तो price of the app पर टैप करें।
- आइकन स्विच होने पर Install या Buy पर टैप करें।
- संकेत मिलने पर अपना Password डालें या Touch ID का उपयोग करें।
- डाउनलोड समाप्त होने तक प्रतीक्षा करें।
- अपने डिवाइस की होम स्क्रीन पर वापस जाने के लिए Home Button दबाएं|